# आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश

# यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउन्सिलिंग–2025

## U.P. AYUSH P.G. Counselling-2025

वेबसाइट- **https://upayushcounseling.upsdc.gov.in**

Help Line No. (Mob.)- **8858690886**

Email Id- upayushpgcounselling2022@gmail.com

**विवरण पुस्तिका (Brochure)**

**शैक्षणिक सत्र (Academic year ) 2025-26**

उत्तर प्रदेश राज्य के आयुष विधा के राजकीय महाविद्यालयों / निजी क्षेत्र के महाविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों / अल्पसंख्यक संस्थाओं में आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी के पी0जी0 पाठ्यक्रमों (एम0डी0 / एम0एस0) में प्रवेश हेतु।

For the admission in PG courses (M.D./M.S.) of Ayurveda, Unani & Homoeopathy in Government Colleges /Private Colleges, State Universities/Minority Institutions of Uttar Pradesh

शासनादेश संख्या–3659 / 96–आयुष–1–2025–ई0पत्रा0–1935148, आयुष अनुभाग–1 लखनऊ, दिनांक–15 सितम्बर, 2025 के अनुक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में उत्तर प्रदेश राज्य के आयुष विधा के राजकीय महाविद्यालयों / निजी क्षेत्र के महाविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों / अल्पसंख्यक संस्थाओं में आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी के पी0जी0 पाठ्यक्रमों (एम0डी0 / एम0एस0) में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग के संबंध में दिशा–निर्देश।

**नोडल सेन्टर–राजकीय तकमील उत्तिब कालेज एवं चिकित्सालय, निकट रमाबाई रैली स्थल, बिजनौर रोड, लखनऊ**

# अनुक्रमणिका


| क्र0सं0 | विषय | पृष्ठ सं0 |
|---|---|---|
| 1 | फ्लो चार्ट | 3 |
| 2 | अर्हतायें | 4–5 |
| 3 | अनर्हतायें | 5 |
| 4 | आरक्षण | 5–6 |
| 5 | पंजीकरण प्रक्रिया एवं पंजीकरण शुल्क | 7 |
| 6 | धरोहर धनराशि एवं भुगतान की प्रक्रिया | 7–8 |
| 7 | अभिलेखों के सत्यापन की प्रक्रिया | 8–9 |
| 8 | च्वाइस फिलिंग एवं लॉकिंग | 10 |
| 9 | काउन्सिलिंग, आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया | 10–12 |
| 10 | त्याग पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचनाऐं | 12 |
| 11 | बाण्ड व्यवस्था लागू किये जाने के संबन्ध में | 13 |
| 12 | कालेजों का शुल्क एवं अन्य जानकरियॉ | 13 |
| 13 | सहायता केन्द्र | 13–14 |
| 14 | विविध | 14–15 |
| 15 | कालेजवार स्वीकृत सीटों का विवरण | 15–19 |
| 16 | सामान्य निवास प्रमाण–पत्र का शासनादेश एवं प्रारूप (संलग्नक–1) | 20–25 |
| 17 | अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों की सूची एवं प्रमाण–पत्र का प्रारूप (संलग्नक–2) | 26–28 |
| 18 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की जातियों की सूची एवं प्रमाण–पत्र का प्रारूप (संलग्नक–3) | 29–31 |
| 19 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रमाण–पत्र का प्रारूप (संलग्नक–4) | 32–33 |
| 20 | दिव्यांगता प्रमाण–पत्र निर्गत करने वाले केन्द्रों की सूची एवं प्रारूप (संलग्नक–5) | 34–39 |
| 21 | आयुष महाविद्यालयों के सम्पर्क सूत्र एवं हाईपरलिंक (संलग्नक–6) | 40–43 |

## 1. फ्लो चार्ट (Flow Chart)

### COUNSELLING PROCESS AT A GLANCE

1. REGISTRATION
   **https://upayushcounseling.upsdc.gov.in**
2. PAYMENT OF REGISTRATION FEE & DOCUMENTS UPLOAD
3. PAYMENT OF SECUIRITY AMOUNT
4. ONLINE DOCUMENT VERIFICATION
5. PUBLICATION OF STATE MERIT LIST
6. CHOICE FILLING AND LOCKING
7. PUBLICATION OF TENTATIVE SEAT ALLOTMENT
8. DOCUMENT VERIFICATION AT NODAL CENTRE
9. DOWNLOAD ALLOTMENT LETTER
10. ADMISSION AT ALLOTED COLLEGE

## 2. अर्हतायें (Eligibility)

2.1– ऐसे अभ्यर्थी जो ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 की परीक्षा में अर्ह घोषित हुए हों तथा निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउंसिलिंग–2025 की अधिकृत वेबसाइट पर पंजीकरण कराया हो, वही काउन्सिलिंग हेतु अर्ह माने जायेंगे।

2.2– ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 की प्रवेश परीक्षा में निम्नलिखित न्यूनतम परसेंटाइल अंक प्राप्त किये हों।

| | |
|---|---|
| 1–अनारक्षित श्रेणी<br>2–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डब्लू0एस0) के अभ्यर्थी हेतु | न्यूनतम 50 परसेन्टाइल अंक |
| 3–अनारक्षित श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थी हेतु | न्यूनतम 45 परसेन्टाइल अंक |
| 4–आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग) के अभ्यर्थी हेतु<br>5–आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग) के दिव्यांग अभ्यर्थी हेतु | न्यूनतम 40 परसेन्टाइल अंक |

**2.3– भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा यदि अर्हता में परिवर्तन किया जाता है तो वह मान्य होगा।**

2.4– किसी मान्यता प्राप्त संस्था से स्नातक परीक्षा (बी0ए0एम0एस0/बी0यू0एम0एस0/बी0एच0एम0एस0) उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह होंगे तथा अभ्यर्थी की एक वर्ष की अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप आयुर्वेद एवं यूनानी पाठ्यक्रमों हेतु एन0सी0आई0एस0एम0, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित तिथि–31.07.2025 तक तथा होम्योपैथी पाठ्यक्रम हेतु एन0सी0एच0, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित तिथि–31.08.2025 तक पूर्ण होनी चाहिए।

2.5– प्रदेश के **राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक कालेजों** में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को उ0प्र0 का मूल निवासी होना आवश्यक है। इस निमित्त जिन अभ्यर्थियो ने हाईस्कूल अथवा समकक्ष, इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा एवं वांछित विधा की स्नातक उपाधि उत्तर प्रदेश की सीमान्तर्गत विधि द्वारा स्थापित एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी/अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को छोड़कर) से उत्तीर्ण की हो, उन्हें निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं होगा।

2.6– ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने हाईस्कूल अथवा समकक्ष, इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा एवं वांछित विधा की स्नातक उपाधि में से कोई भी परीक्षा उत्तर प्रदेश के बाहर अथवा बी0एच0यू0/ए0एम0यू0 से उत्तीर्ण की है, तथा उ0प्र0 राज्य का मूल निवासी है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत उ0 प्र0 के निवासी होने का (डोमिसाइल/सामान्य निवास) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2.7– अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश के सम्बन्धित विधा के चिकित्सा पद्धति बोर्ड में स्थायी पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अथवा घोषणा पत्र देना होगा कि प्रवेशित संस्था में संबन्धित पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने की तिथि तक वह स्थायी रूप से पंजीकृत होने का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर देगा।

2.8– निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों/निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थाओं की सभी सीटों पर प्रवेश हेतु उ0प्र0 राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य नहीं होगा। भारत के अन्य प्रदेशों से हाईस्कूल अथवा समकक्ष, इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष एवं स्नातक परीक्षा (बी0ए0एम0एस0/बी0यू0एम0एस0/बी0एच0एम0एस0) उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह होंगे।

2.9– निजी क्षेत्र के आयुष कालेजों में स्टेट कोटे (85 प्रतिशत) की सभी सीटें सभी प्रदेशों के अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध होंगी। स्टेट कोटें की 85 प्रतिशत सीटों पर उ0प्र0 के मूल निवासी अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण नियमों के अन्तर्गत ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 की मेरिट में न्यूनतम परसेंटाईल अनुमन्य होंगे। उ0प्र0 के अतिरिक्त अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 द्वारा जारी अनारक्षित वर्ग का कटऑफ परसेन्टाइल/स्कोर अनुमन्य होगा।

2.10– निजी क्षेत्र के **आयुष कालेजों में** यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउंसिलिंग–2025 के प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग में 15 प्रतिशत आल इण्डिया कोटे की सीटें सभी प्रदेशों (उ0प्र0 को छोड़कर) के अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध होंगी। अभ्यर्थी द्वारा सम्बन्धित प्रदेश का आरक्षित श्रेणी का प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने पर आल इण्डिया के आरक्षण नियमों (ए0ए0सी0सी0सी0–2025 के ब्रोशर में उल्लिखित) के अनुसार ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 की मेरिट में न्यूनतम परसेंटाईल अनुमन्य होगा।

2.11– आयु सीमा– आयुर्वेदिक / यूनानी / होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों के पी0जी0 पाठ्यक्रमों (एम0डी0 / एम0एस0) में प्रवेश हेतु अधिकतम आयु सीमा निर्दिष्ट नही है।

## 3. अनर्हतायें (Ineligibility)

3.1– ऐसे अभ्यर्थी, जो वर्तमान मे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हों अथवा अनुत्तीर्ण हों, वे राजकीय आयुष (आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथी) मेडिकल कालेजों एवं निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक / यूनानी / होम्योपैथी मेडिकल कालेजों, निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों / अल्पसंख्यक संस्थानो में आयुष पी0जी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अर्ह नहीं होंगे।

3.2– अभ्यर्थी की एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप आयुर्वेद एवं यूनानी पाठ्यक्रमों हेतु एन0सी0आई0एस0एम0, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित तिथि–31.07.2025 तक तथा होम्योपैथी पाठ्यक्रम हेतु एन0सी0एच0, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित तिथि–31.08.2025 तक पूर्ण न हुई हो।

3.3– राजकीय क्षेत्र के आयुष कालेजों हेतु जो अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश के मूल निवासी नहीं हैं तथा उत्तर प्रदेश के संबंधित चिकित्सा बोर्ड में पंजीकृत नहीं हैं, प्रवेश हेतु अर्ह नहीं होंगे।

3.4– ऐसे अभ्यर्थी जो आयुष एडमिशन सेंट्रल काउंसिलिंग कमेटी (AACCC-2025) द्वारा समय–समय पर घोषित अनर्ह सूची में सम्मिलित होंगे, वह अभ्यर्थी काउन्सिलिंग हेतु पात्र नही होंगे।

3.5– यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउंसिलिंग–2025 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चक्र की काउंसिलिंग से जिन अभ्यर्थियों को कोई भी सीट आंवटित हुई हो, ऐसे अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेंसी चक्र हेतु अर्ह नही होंगे।

## 4. आरक्षण (Reservation)

**4.1– यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउंसिलिंग–2025 हेतु आरक्षण**–शासनादेश संख्या–3659 / 96–आयुष–1–2025–ई0पत्रा0–1935148 दिनांक 15.09.2025 के अनुसार अनुमन्य होंगे।

**4.2–** राजकीय क्षेत्र के आयुर्वेदिक / यूनानी एवं होम्योपैथिक कालेजों में आरक्षणः–उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अन्तर्गत प्रदेश के सामान्य निवासियों को निम्नानुसार आरक्षण अनुमन्य होगाः–

**(क) उर्ध्वाधर (वर्टिकल) आरक्षण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी | 21 प्रतिशत |
| 2 | अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी | 02 प्रतिशत |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी | 27 प्रतिशत |
| 4 | आर्थिक रूप से कमजोर (E.W.S.) वर्ग के अभ्यर्थी | 10 प्रतिशत |

**नोटः–** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण अनुमन्य किये जाने संबंधी कार्मिक अनुभाग–2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1 / 2019 / 4 / 1 / 2002 / का–2 / 19 टी0सी0 दिनांक–08.02.2019 में वर्णित प्राविधानों के अनुसार E.W.S. का आरक्षण उन्हीं कालेजों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों में लागू होगा जिनमें भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग / राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली द्वारा E.W.S.के आरक्षण हेतु सीटों में वृद्धि की अनुमति प्रदान की गई हो।

**(ख) क्षैतिज (हॉरिजेन्टल) आरक्षण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये | 05 प्रतिशत |

4.3– आरक्षण से सम्बन्धित सभी प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई0डब्लू0एस0) उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उत्तर प्रदेश के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत ही मान्य होंगे।

4.4– आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (O.B.C.) श्रेणी हेतु दिनांक **01 अप्रैल, 2025** या उसके बाद का निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

4.5– भारत सरकार के सेवायोजन हेतु निर्गत प्रमाण पत्र मान्य नही होंगे।

4.6– समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत अधिसूचना दिनांक–12 जनवरी 2019 एवं उत्तर प्रदेश शासन, कार्मिक अनुभाग–2 द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या–1/2019/4/1/2002/का–2/19 टी0सी0–II दिनांक–18 फरवरी 2019 के अनुसार दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थी को आरक्षण दिया जायेगा।

4.7– दिव्यांगजनों के आरक्षण के संबंध में भारत सरकार के निशक्त जन अधिनियम–2016 के प्राविधानानुसार 05 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण दिये जाने के प्राविधान के अनुसार प्रदान किया जायेगा और दिव्यांगजन उप श्रेणी का प्रमाण पत्र जो कि आयुष एडमीशन सेन्ट्रल काउसिंलिंग कमेटी (ए.ए.सी.सी.सी.–2025) हेतु भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/होम्योपैथी राष्ट्रीय आयोग, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित केन्द्रों से निर्धारित प्रारूप पर निर्गत प्रमाण पत्र जो वर्तमान सत्र 2025–26 के लिए निर्गत किये गये हों, ही मान्य होगा

4.8– दिव्यांगता प्रमाण पत्र जो कि आयुष एडमिशन सेन्टर काउंसिलिंग कमेटी 2025 हेतु भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/होम्योपैथी राष्ट्रीय आयोग, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा निर्धारित केन्द्रों से निर्धारित प्रारूप पर तथा वर्तमान सत्र 2025–26 के लिए निर्गत किये गये प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

4.9– उत्तर प्रदेश राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत आने वाली कतिपय जातियॉ भारत सरकार में अनारक्षित श्रेणी में सम्मिलित है। यह सम्भावना है कि ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 के आवेदन के समय उ0प्र0 राज्य के कुछ अभ्यर्थियों द्वारा अपनी जाति अनारक्षित श्रेणी में दर्शा दी गयी हो। अतः उत्तर प्रदेश राज्य की यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउन्सिलिंग–2025 हेतु जारी किए जाने वाले ब्रोशर में उल्लिखित जातियों के अनुसार ही उत्तर प्रदेश राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी एवं अन्य श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले अभ्यर्थियों को उक्त श्रेणी का लाभ अनुमन्य किया जायेगा।

4.10– स्पेशल अपील संख्या–689/2015 सुरेन्द्र कुमार कावंत बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 26.10.2015 के परिपेक्ष्य में अन्य राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों से उत्तर प्रदेश में विस्थापित होकर आये अभ्यर्थियों को यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउन्सिलिंग–2025 के अन्तर्गत किसी भी प्रकार के आरक्षण का लाभ देय नही होगा।

4.11– रिट याचिका संख्या–1968 आफ 2017 ज्योति शुक्ला बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा हॉरिजण्टल आरक्षण के संबंध में दिनांक–24.03.2017 को पारित आदेश द्वारा क्षैतिज (Horizontal) आरक्षण का लाभ अभ्यर्थी की अपनी श्रेणी में उपलब्ध सीटों पर ही अनुमन्य होगा।

4.12– शासनादेश संख्या–22 सी0एम0(1)/26.03.2013 दिनॉक 10.06.2013 द्वारा विमुक्त जाति के आरक्षण के संबंध में शासनादेश के बिन्दु संख्या–03 एवं 04 में निम्न व्यवस्था की गयी है :–

**बिन्दु संख्या–3** जहॉ तक विमुक्त जातियों को आरक्षण की सुविधा की अनुमन्यता का प्रश्न है कि विमुक्त जाति के अन्तर्गत आने वाली जो जातियॉ अनुसूचित जाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत वर्गीकृत हैं, उन्हें तद्नुरूप उक्त वर्गों हेतु अनुमन्य आरक्षण की सुविधा प्रदत्त होगी।

**बिन्दु संख्या–4** यह स्पष्ट किया जाता है कि विमुक्त जातियों को विमुक्त जाति के नाम से आरक्षण की सुविधा अनुमन्य नहीं है, अपितु जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया गया है कि विमुक्त जातियों की सूची में अंकित वह जातियॉ जो अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में सम्मिलित हैं, उन्हें उक्त जाति का आरक्षण का लाभ अनुमन्य होगा।

4.13– निजी क्षेत्र के आयुष मेडिकल कालेजों की सीटों पर कोई आरक्षण देय नहीं हैं।

## 5. पंजीकरण प्रक्रिया (Registration) एवं पंजीकरण शुल्क

5.1– पंजीकरण हेतु अभ्यर्थी को आयुष काउंसिलिंग की अधिकृत वेबसाइट **https://upayushcounseling.upsdc.gov.in** पर अपना पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी पंजीकरण हेतु ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 के रोल नं0 एवं एप्लीकेशन नं0 का प्रयोग करेंगे तथा स्क्रीन पर दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार पंजीकरण फार्म भरेंगे।

5.2– **अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आयुष काउंसिलिंग की वेबसाइट पर पंजीकरण फार्म स्वयं भरे। किसी एजेण्ट या किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा पंजीकरण फार्म न भरवायें, साथ ही पंजीकण हेतु अभ्यर्थी अपने स्वयं के मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आई0डी0 का ही प्रयोग करें।**

5.3– पोर्टल पर लॉगिन करने के पश्चात् अभ्यर्थी को अपना विवरण यथा श्रेणी/उपश्रेणी, पता, मोबाइल नम्बर, ईमेल आई0डी0 इत्यादि अंकित करना होगा।

5.4– पंजीकरण फार्म भरने के पश्चात् अभ्यर्थी को एक पासवर्ड बनाना होगा। इस पासवर्ड का प्रयोग अभ्यर्थी द्वारा समय–समय पर किया जायेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह अपना पासवर्ड किसी व्यक्ति से साझा न करें।

5.5– काउन्सिलिंग के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग हेतु आनलाइन पंजीकरण करते समय अभ्यर्थी को रू0 2,000/– (रूपये दो हजार) मात्र आनलाइन प्रक्रिया (गेटवे के माध्यम से) द्वारा पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा।

5.6– स्ट्रे वैकेंसी चक्र हेतु ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें वर्ष–2025 की काउंसिलिंग में पंजीकरण नही कराया है उन्हें पंजीकरण शुल्क रू0 2,000/– (रूपये दो हजार) मात्र देय होगा।

5.7– प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय चक्र में जिन अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण कराया गया हो, परन्तु उन्हें कोई सीट आवंटित नही हुई हो, यदि ऐसे अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेंसी चक्र में प्रतिभाग करना चाहते हों तो उन्हें पुनः पंजीकरण कराते हुये रू0 1,000/– (एक हजार) मात्र पंजीकरण शुल्क पृथक से देय होगा।

**5.8– पंजीकरण शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं (Non refundable) किया जायेगा।**

5.9– पंजीकरण के पश्चात् अभ्यर्थी को पंजीकरण फार्म एवं पंजीकरण शुल्क की रसीद डाउनलोड करनी होगी।

## 6. धरोहर धनराशि (Security Money) एवं भुगतान की प्रक्रिया

6.1– धरोहर धनराशि जमा करने के पूर्व अभ्यर्थी काउंसिलिंग हेतु अपनी अर्हता स्वयं जॉच ले।

6.2– पंजीकरण कराते समय अभ्यर्थी को आनॅलाइन माध्यम से धरोहर धनराशि भी जमा करना अनिवार्य होगा। इसका लिंक पोर्टल पर तत्समय उपलब्ध कराया जायेगा।

6.3– धरोहर धनराशि के भुगतान का विवरण निम्नवत् हैः–

| विकल्प | धरोहर धनराशि |
|---|---|
| केवल **राजकीय** आयुर्वेदिक/यूनानी/होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों हेतु (For Government Colleges only) | रू0 20,000/–(रूपये बीस हजार मात्र) |
| केवल **निजी क्षेत्र** के आयुर्वेदिक/यूनानी/होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों हेतु (For Private Colleges only) | रू0 50,000/–(रूपये पचास हजार मात्र) |
| **राजकीय एवं निजी क्षेत्र दोनो** प्रकार के आयुर्वेदिक/यूनानी/होम्योपैथी मेडिकल कालेजों हेतु (For Government & Private Colleges both) | |

6.4– धरोहर धनराशि जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी च्वाईस फिलिंग हेतु अर्ह होगा।

6.5– धरोहर धनराशि जमा करने के पश्चात् अभ्यर्थी को धरोहर धनराशि की रसीद डाउनलोड करनी होगी।

6.6– आयुष महाविद्यालय में प्रवेशित/अनावंटित अभ्यर्थी को धरोहर धनराशि सभी चक्रों की काउन्सिलिंग प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् नियमानुसार वापस कर दी जायेगी।

6.7– अभ्यर्थी की धरोहर धनराशि उसी बैंक खाते मे गेटवे के माध्यम से वापस की जायेगी जिस बैंक खाते से अभ्यर्थियों द्वारा धरोहर धनराशि का आनलाईन भुगतान किया गया हो।

6.8– अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि धरोहर धनराशि का भुगतान अपने अथवा अपने माता/पिता के बैंक खाते से ही करें, साइबर कैफे अथवा किसी अन्य माध्यम से भुगतान न करें, जिससे रिफण्ड के समय किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकें। अन्यथा की स्थिति में अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

6.9– यदि आयुष एडमिशन सेंट्रल काउंसिलिंग कमेटी (AACCC-2025) से अभ्यर्थी को सीट आवंटित होती है, तो उसे शिक्षण शुल्क (प्रवेश शुल्क छोड़कर) तथा धरोहर धनराशि वापस कर दी जायेगी।

## 7. अभिलेखों का सत्यापन (Document Verification) प्रक्रिया

यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउंसिलिंग–2025 में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों का सत्यापन आनलाइन एवं भौतिक रूप से कराया जायेगा।

**(क) आनलाइन सत्यापन–** यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउंसिलिंग–2025 में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों का सत्यापन आनलाइन कराया जायेगा, जिस हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण के समय निम्नलिखित अभिलेख वेबसाइट पर अपलोड किये जायेंगे।

1. हाई स्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा का प्रमाण–पत्र।
2. इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा का अंक–पत्र।
3. वांछित विधा की स्नातक उपाधि/औपबन्धिक प्रमाण पत्र (Provisional Certificate)/अन्तिम वर्ष की अंक तालिका।
4. ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 का स्कोर कार्ड।
5. आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
6. डोमिसाइल सर्टिफिकेट शासनादेश के अनुसार (यदि लागू हो)।
7. अभ्यर्थी की 12 माह की अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप प्रमाण पत्र।
8. संबंधित चिकित्सा पद्धति बोर्ड का स्थायी पंजीकरण प्रमाण–पत्र/स्थायी पंजीकरण प्राप्त होने का घोषणा–पत्र।
9. अभ्यर्थियों का आधार प्रमाणीकरण कराया जायेगा, आधार उपलब्ध न होने अथवा प्रमाणीकरण न हो पाने की स्थिति में ड्राईविंग लाईसेन्स/पासपोर्ट/पैन कार्ड/फोटो युक्त बैंक पासबुक/अन्तिम शैक्षणिक संस्था से निर्गत फोटोयुक्त पहचान–पत्र अपलोड करना होगा।

अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों के आनलाइन सत्यापन के समय पोर्टल पर अपलोड किये गये अभिलेखों के आधार पर कार्यवाही की जायेगी, तदोपरान्त समस्त सत्यापित (Verified) अभ्यर्थियों की स्टेट मेरिट लिस्ट (State Merit List) काउन्सिलिंग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी। इसके पश्चात अभ्यर्थी को च्वाइस फिलिंग करना होगा, तदोपरान्त प्रोविजनल सीट आवंटन (Provisional Seat Allottment) सूची जारी की जायेगी। प्रोविजनल सीट आवंटित अभ्यर्थी को ही भौतिक सत्यापन की कार्यवाही सम्पन्न करानी होगी।

**(ख) भौतिक सत्यापन–** यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउंसिलिंग–2025 में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की अर्हता से संबंधित अभिलेखों के भौतिक सत्यापन की कार्यवाही काउन्सिलिंग स्थल तथा आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश के समय करायी जायेगी। उक्त हेतु अभ्यर्थियों को निम्नलिखित अभिलेख, मूलरुप में एवं स्वप्रमाणित एक–एक छायाप्रति सहित निर्धारित समय, तिथि एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होना होगा।

1. ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 का प्रवेश पत्र।
2. ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 का स्कोर कार्ड।
3. आनलाइन पंजीकरण का प्रिन्टआउट।
4. धरोहर धनराशि का प्रिन्टआउट।
5. हाईस्कूल अथवा समकक्ष एवं इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र।

6. स्नातक परीक्षा (बी0ए0एम0एस0 / बी0यू0एम0एस0 / बी0एच0एम0एस0) की समस्त वर्षों की अंक तालिकायें।

7. स्नातक उपाधि (बी0ए0एम0एस0 / बी0यू0एम0एस0 / बी0एच0एम0एस0) / औपबन्धिक प्रमाण पत्र (Provisional Certificate)।

8. आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित तिथि तक एक वर्ष की अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप पूर्ण होने का प्रमाण पत्र। अभ्यर्थी को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि प्रवेश के समय उसके द्वारा 12 माह का अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप आयुर्वेद एवं यूनानी विधा के अभ्यर्थियों हेतु 31.07.2025 को एवं होम्योपैथी विधा के अभ्यर्थियों हेतु 31.08.2025 को पूर्ण की गई हो। (जो लागू हो)

9. संबंधित चिकित्सा पद्धति बोर्ड का स्थायी पंजीकरण प्रमाण–पत्र।
**नोट–** स्थायी पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में अभ्यर्थी को अभिलेखों के भौतिक सत्यापन के समय काउन्सिलिंग बोर्ड के समक्ष उत्तर प्रदेश के संबन्धित चिकित्सा पद्धति बोर्ड में स्थायी रूप से पंजीकृत होने का घोषणा पत्र देना होगा कि प्रवेशित संस्था में संबन्धित पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने की तिथि तक वह स्थायी रूप से पंजीकृत होने का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर देगा।

10. एक फोटोग्राफ, जो उसी निगेटिव से बना हों जो ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 हेतु आनलाइन आवेदन के समय अपलोड किया गया हो।

11. निर्धारित प्रारुप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत आरक्षित श्रेणी का प्रमाणपत्र। **भारत सरकार के सेवायोजन हेतु निर्गत प्रमाण पत्र मान्य नही होंगे।** अन्य पिछडा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) का प्रमाण पत्र जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निर्गत हो तथा दिनांक–01.04.2025 अथवा उसके बाद का जारी किया गया हो, ही मान्य होगा।

12. दिव्यांगजन उपश्रेणी का प्रमाण पत्र जो कि आयुष एडमिशन सेंट्रल काउंसिलिंग कमेटी (AACCC-2025) हेतु भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग /होम्योपैथी राष्ट्रीय आयोग, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित केन्द्रों द्वारा निर्धारित प्रारुप पर संबंधित सत्र 2025–26 के लिए निर्गत किये गये हों।

13. उत्तर प्रदेश में निवास करने का मूल / सामान्य निवास प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।

14. पहचान पत्र–आधार कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस / पैन कार्ड / पासपोर्ट / फोटो युक्त बैंक पासबुक। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण के समय किन्ही कारणों से आधार प्रमाणीकरण नही हो सका है ऐसे अभ्यर्थी भौतिक सत्यापन के समय आधार कार्ड के साथ उपस्थित होंगे।

15. राजकीय सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी हेतु नियोक्ता द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

नोट–

1. **दिव्यांगता प्रमाण पत्र आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित केन्द्रों व जारी प्रारूप पर तथा वर्तमान सत्र 2025–26 के लिए निर्गत किये गये हों, ही मान्य होंगे । दिव्यांगता प्रमाण पत्र में किसी विवाद / अस्पष्टता की स्थिति में महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा विवाद / अस्पष्टता के समाधान हेतु विशेष चिकित्सा बोर्ड गठित करने हेतु अनुरोध किया जायेगा।**
2. अभिलेखों का सत्यापन राजकीय तकमील उत्तिब कालेज एवं चिकित्सालय, निकट रमाबाई रैली स्थल, बिजनौर रोड, लखनऊ पर होगा।
3. मूल अभिलेख न होने अथवा अभिलेख गलत पाये जाने की स्थिति में आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
4. **प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग में** यदि कोई अभ्यर्थी किसी दूसरी संस्था में प्रवेशित है और उसके मूल अभिलेख उस संस्था में जमा हैं, ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी उस संस्था की अनापत्ति तथा मूल अभिलेखों के जमा होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। परन्तु आवंटित संस्था में प्रवेश के समय अभ्यर्थी को मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवंटित संस्था में मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में उसका आवंटन निरस्त समझा जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

## 8. च्वाइस फिलिंग (Choice Filling and Locking)

8.1– धरोहर धनराशि जमा करने के पश्चात अभ्यर्थी को च्वाइस फिलिंग करना होगा।

8.2– च्वाइस फिलिंग के पश्चात च्वाइस लाक करना अनिवार्य होगा। च्वाइस लाक न करने की दशा में सीट आवंटन नही होगा।

8.3– अभ्यर्थी को प्रत्येक चक्र की काउन्सिलिंग में नवीन स्तर से पुनः च्वाइस फिलिंग करनी होगी। पूर्व के चक्रों में भरी गई च्वाइस स्वतः शून्य हो जायेगी।

8.4– प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग द्वारा आयुष महाविद्यालय में प्रवेशित अभ्यर्थी तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग तक पुनरावंटन के लिये पुनः च्वाईस फिलिंग कर सकते है।

8.5– तृतीय चक्र में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को च्वाइस फिलिंग से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि तृतीय चक्र में आवंटित/पुनरावंटित सीट पर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा।

**8.6– अभ्यर्थी पुनरावंटन के लिये च्वाईस फिलिंग करते समय प्रवेशित सीट का विकल्प न भरें। पुनरावंटन में सीट आवंटित हो जाने की दशा में उसकी पूर्व आवंटित सीट स्वतः निरस्त हो जायेगी तथा उस पर उसका कोई अधिकार नहीं रहेगा, किन्तु पुनरावंटन न होने की स्थिति में उसकी पूर्व की सीट यथावत् बनी रहेगी।**

## 9. काउन्सिलिंग, आवंटन एवं प्रवेश प्रक्रिया (Counselling, Allottment and Admission)

9.1– काउन्सिलिंग प्रक्रिया प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा स्ट्रे वैकेंसी चक्र में सम्पन्न की जायेगी। उक्त के पश्चात् भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रवेश की अन्तिम तिथि में संशोधन किया जाता है तो आवश्यकतानुसार अतिरिक्त स्ट्रे वैकेंसी चक्र/चक्रों से रिक्त सीटों का आवंटन किया जायेगा।

9.2– प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं स्ट्रे वैकेंसी चक्र/चक्रों की काउन्सिलिंग की समय सारिणी यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउन्सिलिंग बोर्ड–2025 द्वारा निर्धारित कर काउन्सिलिंग की अधिकृत वेबसाइट www.upayushcounseling.upsdc.gov.in पर प्रदर्शित की जायेगी। प्रत्येक चक्र की काउन्सिलिंग से पूर्व काउन्सिलिंग की विज्ञप्ति प्रदेश के बहुप्रसारित न्यूनतम दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों (हिन्दी एंव अंग्रेजी) में प्रकाशित करायी जायेगी।

9.3– **प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग–**

- प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग से प्रोविजनल सीट आवंटन के पश्चात अभ्यर्थी द्वारा नोडल सेन्टर पर अपने अभिलेखों का भौतिक सत्यापन कराया जायेगा, तदोपरान्त अभ्यर्थी द्वारा अपना आवंटन पत्र (Allottment Letter) डाउनलोड कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।
- यदि सीट आवंटन के पश्चात अभ्यर्थी द्वारा अपने अभिलेखों का भौतिक सत्यापन नही कराया जाता है, तो भी ऐसे अभ्यर्थी अगले चक्र की च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। उन्हें पुनः धरोहर धनराशि जमा करने की आवश्यकता नही होगी।

- सीट आवंटन के उपरान्त अभिलेखों के भौतिक सत्यापन कराने के पश्चात् प्रवेश न लेने की स्थिति में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। ऐसे अभ्यर्थी अगले चक्र की काउन्सिलिंग मे प्रतिभाग करना चाहते हैं तो उन्हें धरोहर धनराशि पुनः जमा करनी होगी।

## 9.4— द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग—

- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग में पंजीकरण नही कराया हो, वह द्वितीय चक्र में पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं।
- ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग से कोई भी सीट आवंटित न हुयी हो, द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग हेतु अर्ह होंगे। उन्हें पुनः धरोहर धनराशि जमा करने की आवश्कयता नही है।
- प्रथम चक्र में प्रवेशित अभ्यर्थी, पुनरावंटन के लिये पुनः च्वाईस फिलिंग कर सकते है। अभ्यर्थी च्वाईस फिलिंग करते समय प्रवेशित सीट का विकल्प द्वितीय चक्र में न भरें। पुनरावंटन में सीट आवंटित हो जाने की दशा में उसकी पूर्व आवंटित सीट स्वतः निरस्त हो जायेगी तथा उस पर उसका कोई अधिकार नहीं रहेगा, किन्तु पुनरावंटन न होने की स्थिति में उसकी पूर्व की सीट यथावत् बनी रहेगी।
- द्वितीय चक्र में भी यदि सीट आवंटन के पश्चात अभ्यर्थी द्वारा अपने अभिलेखों का भौतिक सत्यापन नही कराया जाता है, तो भी ऐसे अभ्यर्थी तृतीय चक्र की च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। उन्हें पुनः धरोहर धनराशि जमा करने की आवश्यकता नही होगी।
- आवंटन के उपरान्त अभिलेखों के भौतिक सत्यापन कराने के पश्चात् प्रवेश न लेने की स्थिति में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। ऐसे अभ्यर्थी अगले चक्र की काउन्सिलिंग मे प्रतिभाग करना चाहते हैं तो उन्हें धरोहर धनराशि पुनः जमा करनी होगी।

## 9.5— तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग—

- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग में पंजीकरण नही कराया हो, वह तृतीय चक्र में पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं।
- ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउन्सिलिंग—2025 की प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो, तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग हेतु अर्ह होंगे। उन्हें पुनः धरोहर धनराशि जमा करने की आवश्कयता नही है।
- ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग द्वारा आयुष महाविद्यालय में प्रवेशित हैं, पुनरावंटन के लिये पुनः च्वाईस फिलिंग कर सकते है।
- राजकीय एवं निजी क्षेत्र के आयुष कालेजों हेतु तृतीय चक्र की काउंसिलिंग द्वारा प्रोविजनल आवंटित सीट (Provisional Allotted Seat) पर अभ्यर्थी को प्रवेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से अभिलेखों के सत्यापन हेतु नोडल सेन्टर पर उपस्थित होना होगा। अन्यथा की स्थिति में जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
- तृतीय चक्र की काउंसिलिंग के आवंटन प्रक्रिया के पश्चात् यदि आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी की सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो ऐसे सभी सीटों को निम्नांकित तालिकानुसार आमेलित करते हुए आवंटन प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।

**CONVERSION ALGORITHM**

| क्र0सं0 | CONVERSION CATEGORY | CATEGORY CONVERTED TO |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जनजाति—ST (PwD) | अनुसूचित जनजाति—ST |
| 2 | अनुसूचित जाति—SC (PwD) | अनुसूचित जाति—SC |
| 3 | अनारक्षित—UR (PwD) | अनारक्षित—UR |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग—OBC (PwD) | अन्य पिछड़ा वर्ग—OBC |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग—EWS(PwD) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग—EWS |
| 6 | अनुसूचित जनजाति —ST | अनुसूचित जाति—SC |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | अनुसूचित जाति –SC | अनारक्षित–UR |
| 8 | अन्य पिछड़ा वर्ग–OBC | अनारक्षित–UR |
| 9 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-EWS | अनारक्षित–UR |

- निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों में आल इण्डिया कोटे की 15 प्रतिशत सीटों पर प्रथम एवं द्वितीय चक्र में काउन्सिलिंग की प्रक्रिया की जायेगी। द्वितीय चक्र के उपरान्त यदि सीटें अवशेष रहती हैं तो उन सीटों को तृतीय चक्र की आवंटन प्रक्रिया के समय स्टेट कोटे की 85 प्रतिशत सीटों के साथ सम्मिलित कर लिया जायेगा।

**9.6– स्ट्रे वैकेंसी चक्र की काउन्सिलिंग–**

- प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चक्र की काउंसिलिंग के माध्यम से सीट आवंटन प्राप्त अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेंसी चक्र काउन्सिलिंग हेतु अर्ह नही होगें।
- स्ट्रे वैकेंसी चक्र हेतु ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें वर्ष–2025 की काउंसिलिंग के पूर्व चक्रों में पंजीकरण नही कराया है उन्हें पंजीकरण शुल्क रू0 2,000/– (रूपये दो हजार) मात्र देय होगा।
- प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय चक्र में जिन अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण कराया गया हो, परन्तु उन्हें कोई सीट आवंटित नही हुई हो, यदि ऐसे अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेंसी चक्र में प्रतिभाग करना चाहते हों तो उन्हें पुनः पंजीकरण कराते हुये रू0 1,000/– (एक हजार) मात्र पंजीकरण शुल्क पृथक से देय होगा।
- अभ्यर्थी को अपने समस्त मूल अभिलेखों के भौतिक सत्यापन के समय नोडल सेंटर पर अभ्यर्थी को स्वंय भौतिक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उसके अभ्यर्थन पर विचार नहीं किया जायेगा।
- राजकीय एवं निजी क्षेत्र के आयुष कालेजों हेतु स्ट्रे वैकेंसी चक्र की काउंसिलिंग द्वारा प्रोविजनल आवंटित सीट (Provisional Allotted Seat) पर अभ्यर्थी को प्रवेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से अभिलेखों के सत्यापन हेतु नोडल सेन्टर पर उपस्थित होना होगा। अन्यथा की स्थिति में जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
- स्ट्रे वैकेंसी चक्र में कोई पुनरावंटन अनुमन्य नहीं होगा।

**9.7– प्रवेश प्रक्रिया –**

- भौतिक सत्यापन के उपरान्त आवंटन पत्र डाउनलोड कर समस्त अभ्यर्थियों को आवंटित आयुष कालेज में प्रवेश की प्रक्रिया सम्पन्न करानी होगी।
- प्रवेश के समय भौतिक सत्यापन हेतु समस्त अभिलेख मूल रूप में एवं स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
- काउन्सिलिंग से आवंटन पत्र प्राप्त सभी अभ्यर्थियों हेतु सम्बन्धित कालेज स्तर पर अभिलेखों के भौतिक सत्यापन एवं मेडिकल बोर्ड का गठन कर प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## 10. त्याग–पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचनायें (Resignation)

- प्रथम एवं द्वितीय चक्र से आवंटित अभ्यर्थी प्रवेश के उपरान्त तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग की च्वाइस फिलिंग के 48 घण्टे पूर्व (उदाहरण स्वरूप यदि च्वाइस फिलिंग दिनांक 14–09–2025 को प्रातः 10:00 बजे से प्रांरम्भ होनी हैं तो अभ्यर्थी को दिनांक 12.09.2025 को प्रातः 9:59 बजे तक) अपनी सीट से काउन्सिलिंग के पोर्टल के माध्यम से आनलाइन त्यागपत्र देता है तो उसका शिक्षण शुल्क (प्रवेश शुल्क रु0 दो हजार छोड़कर) तथा धरोहर धनराशि वापस कर दी जायेगी।
- **प्रवेशित अभ्यर्थी द्वारा पोर्टल पर प्राप्त त्यागपत्र महाविद्यालय के प्रधानाचार्य/नोडल आफिसर्स द्वारा निधार्रित समय समयान्तर्गत एन0आई0सी0 के पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य होगा। पोर्टल पर अपडेटेड त्यागपत्र ही मान्य होंगे। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त त्यागपत्र मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थी द्वारा सम्बन्धित संस्था को समयान्तर्गत त्यागपत्र दिये जाने पर यदि संस्था द्वारा पोर्टल पर त्यागपत्र की सूचना समयान्तर्गत अपडेट नही की जाती है, तो सम्बन्धित संस्था के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

- अभ्यर्थियों को सीट का आवंटन (Allotment/Allocation) प्रवेश नहीं है। आवंटन के पश्चात् अभ्यर्थी को सबंधित कालेज पर भौतिक रूप से उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराने के पश्चात् ही प्रवेश मान्य होगा। तत्पश्चात् ही प्रवेशित अभ्यर्थी प्रवेशित सीट से त्यागपत्र दे सकेगा।
- तृतीय एवं स्ट्रे वैकेंसी चक्र से प्रवेशित अभ्यर्थियों हेतु त्यागपत्र किसी भी दशा में अनुमन्य नही होगा।

## 11. बाण्ड व्यवस्था लागू किये जाने के सम्बन्ध में

- राजकीय आयुष मेडिकल कालेजों में प्रवेशित अभ्यर्थी यदि पाठ्यक्रम बीच में छोड़कर जाते है, ऐसी स्थिति में प्राप्त सम्पूर्ण छात्रवेतन/स्टाईपेन्ड बाण्ड में उल्लिखित शर्तों के अनुसार वापस करना अनिवार्य होगा।

## 12. सरकारी क्षेत्र/निजी क्षेत्र/अल्पसंख्यक क्षेत्र के आयुर्वेदिक/यूनानी/होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों/निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों/अल्पसंख्यक संस्थानों के शुल्क एवं अन्य जानकारियॉ (College Fee)

- सरकारी क्षेत्र के आयुष कालेजों में प्रवेशित छात्र–छात्राओं द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क आदि देय होंगे।
- निजी क्षेत्र के आयुष कालेजों के लिये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित शुल्क देय होगा।
- निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक/यूनानी/होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों/विश्वविद्यालयों हेतु यह अनिवार्य होगा कि वह शासन द्वारा निर्धारित शुल्क व अन्य शुल्क अपनी वेबसाईट पर प्रदर्शित करेंगे एवं अल्पसंख्यक संस्थान भी अपने कालेजों हेतु निर्धारित शिक्षण शुल्क व अन्य शुल्क अपनी वेबसाईट पर प्रदर्शित करेंगे। साथ ही सम्बन्धित कालेज/विश्वविद्यालय के शुल्क का विवरण तथा इन कालेजों/विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सीटों की संख्या का विवरण काउन्सिलिंग की बेवसाईट पर प्रदर्शित किया जायेगा। वेबसाइट पर प्रदर्शित शुल्कों के अतिरिक्त शुल्क नही लिया जायेगा।

## 13. सहायता केन्द्र (Helpdesk)

**ऑनलाइन काउन्सिलिंग की अद्यतन जानकारी हेतु वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।**

**Continuously go through website for updated information about online counselling**

**https://upayushcounseling.upsdc.gov.in**

- यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउंसिलिंग–2025 से सम्बन्धित समस्त जानकारी के लिये उपरोक्त काउन्सिलिंग पोर्टल पर शासनादेश, विवरण पुस्तिका (Brochure) उपलब्ध हैं इसक अतिरिक्त समय–समय पर अन्य दिशा–निर्देश/सूचनाएं पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।
- इसके अतिरिक्त समस्या का समाधान न होने की दशा में निम्नलिखित सहायता केन्द्रों से सम्पर्क कर समाधान प्राप्त करें।
- यू0पी0 आयुष पी0जी0 काउंसिलिंग–2025 में भुगतान की गयी राशि का बैंक द्वारा चार्ज बैक अनुमन्य नही होगा। अभ्यर्थी किसी भी तरह के रिफण्ड की मांग के लिये काउन्सिलिंग की अधिकारिक ईमेल पर संपर्क करे।
- **अभ्यर्थियों की शिकायत/समस्याओं का निवारण (Redressal of Student's Grievances):-**

अभ्यर्थियों की शिकायत/समस्याओं का निवारण (Redressal of Student's Grievances) के सम्बन्ध में नामित अधिकारियों का नाम व पदनाम निम्नानुसार हैः–

| | |
|---|---|
| 1. डा0 ब्रिजेश गुप्ता<br>2. डा0 मो0 साकिब (ई–मेल कार्यों हेतु) | upayushpgcounselling2022@gmail.com |
| डा0 मो0 अबू बकर (मोबाइल हेल्प लाइन हेतु) | मोबाइल न0–8858690886 |

(हेल्प लाइन नम्बर पर सूचना प्राप्त करने या समस्याओं का निवारण/समाधान करने का समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक)

- बैंक सहायता **(Bank help desk):-**
  - भारतीय स्टेट बैंक से संबंधी समस्या के लिये दिये किसी भी संपर्क सूत्र पर संपर्क करें।

  Email: sbiepay@sbi.co.in
  Phone: +91-22-27535773 (24*7 customer care service)

  - आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक से संबंधी समस्या के लिये दिये गये किसी भी संपर्क सूत्र पर संपर्क करें।

  Email: mayank.bha@icicibank.com, kumari.sinha1@icicibank.com
  Phone: 1800 1080 (24*7 customer care service)
  Abhinay Patel 7753942974
  Nandini Sinha 9372710235

नोट– अभ्यर्थी सभी ई–मेल केवल आधिकारिक ईमेल **upayushpgcounselling2022@gmail.com** पर ही निम्न विवरण के साथ भेजें। अन्यथा उनके ईमेल पर विचार नहीं किया जायेगा।
नाम–
ए0आई0ए0पी0जी0ई0टी0–2025 रोल नंबर–
पंजीकरण संख्या–
मोबाइल नंबर–
ईमेल आईडी–

- अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जो सूचानाएं विवरण पुस्तिका में उपलब्ध हैं, उन सूचनाओं से संबन्धित प्रश्नों का उत्तर नही दिया जायेगा।

## 14. विविध (Miscellaneous)

- **Disclaimer:-**Department of AYUSH, Govt. of Uttar Pradesh& National Informatics Centre (NIC) will be conducting the online registration/counselling procedure as per the information filled by the candidates. Department of AYUSH, Govt. of Uttar Pradeshor National Informatics Centre (NIC)will not be responsible for delay in registration/counselling process due to any kind of technical fault or electricity failure.
- **अस्वीकृति**–आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आई0सी0) द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण/ काउन्सिलिंग की प्रक्रिया में अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी सूचनाओं के अनुसार संचालित की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा दी गयी सूचनाओं के लिये अभ्यर्थी स्वंय उत्तरदायी होगा। आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आई0सी0), उ0प्र0 किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा या विद्युत आपूर्ति बाधा के कारण ऑनलाइन पंजीकरण/काउन्सिलिंग प्रक्रिया में विलम्ब के लिये उत्तरदायी नहीं होगा।

Candidates are required to assess their eligibility carefully themselves before applying and depositing the registration fee and security money. The eligibility will be checked at the time of document verification at nodal center and at the time of admission in state AYUSH Colleges/Institutions/Universities as detailed in brochure/website. **Deposited registration fee will not be refunded in any case.**

अभ्यर्थी आवेदन/पंजीकरण शुल्क तथा धरोहर धनराशि जमा करने से पूर्व अपनी अर्हता के सम्बन्ध में भली–भॉति स्वयं आंकलन कर लें। विवरण पुस्तिका/वेबसाइट में दिये गये निर्देशों के अनुसार काउन्सिलिंग के समय नोडल सेन्टर पर मूल अभिलेखों का सत्यापन एवं प्रदेश के आयुष कालेजों/संस्थाओं/विश्वविद्यालयों में प्रवेश के समय मूल अभिलेखों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। **जमा किये गये पंजीकरण शुल्क की वापसी, किसी भी स्थिति में नहीं होगी।**

- Any imposter/incorrect information found during admission process or thereafter during academic sessions, will make the candidate loose his/her candidature and would be subjected to legal action.
- प्रवेश प्रक्रिया अथवा उसके उपरान्त शैक्षणिक सत्र के समय,यदि अभ्यर्थी की कोई सूचना अनुचित/गलत पायी जाती है, तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर, उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। इसके लिये सम्बन्धित को नोटिस निर्गत करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- समय–समय पर मा0 सर्वोच्च न्यायालय/आयुष मंत्रालय, भारत सरकार/उ0प्र0 सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप काउन्सिलिंग की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।
- काउन्सिलिंग में किसी भी प्रकार का विवाद/कोर्टकेस का न्यायिक क्षेत्राधिकार लखनऊ होगा। (The jurisdiction for court cases/disputes shall be at Lucknow only.)

## 15. स्वीकृत सीटों का कालेजवार विवरण (Available Seats)

**शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु आयुष मंत्रालय, भारत सरकार से प्रवेश अनुमति प्राप्त उत्तर प्रदेश के राजकीय एवं निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक/यूनानी/होम्योपैथिक कालेजों की सूची एवं स्वीकृत सीटों की संख्या–**

### –आयुर्वेद–

(1) राजकीय आयुर्वेदिक कालेजों के एम0डी0 (आयु0)/एम0एस0(आयु0) पाठ्यक्रम की सीटों का सत्र 2024–25 हेतु विवरण

| क्र0सं0 | कालेज का नाम | विशिष्टता का नाम | एम0डी0 (आयु0)/एम0एस0 (आयु0) | सीटों की संख्या | शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, लखनऊ | आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धान्त | एम0डी0 | 06 | 1.शिक्षण शुल्क– सामान्य श्रेणी हेतु रू0 12000/– प्रतिवर्ष आरक्षित श्रेणी हेतु रू0 6000/– प्रतिवर्ष<br>2.अन्य शुल्क–रू0 2000/– प्रतिवर्ष<br>3.विकास शुल्क–रू0 4000/– प्रतिवर्ष<br>4.प्रवेश शुल्क–रू0 2000/– केवल प्रवेश के समय<br>5.काशन मनी (रिफन्डेबल)– रू0 4000/– केवल प्रवेश के समय |
| | | रचना शारीर | एम0डी0 | 04 | |
| | | क्रिया शारीर | एम0डी0 | 04 | |
| | | द्रव्यगुण | एम0डी0 | 06 | |
| | | रस शास्त्र एवं भैषज्यकल्पना | एम0डी0 | 05 | |
| | | प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग | एम0एस0 | 05 | |
| | | कौमारभृत्य | एम0डी0 | 05 | |
| | | काय चिकित्सा | एम0डी0 | 07 | |
| | | | कुल सीट | 42 | |
| 2 | राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, पीलीभीत | द्रव्यगुण | एम0डी0 | 07 | |
| 3 | राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, वाराणसी | आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धान्त | एम0डी0 | 04 | |
| | | रस शास्त्र एवं भैषज्यकल्पना | एम0डी0 | 05 | |
| | | रोग निदान एवं विकृति विज्ञान | एम0डी0 | 04 | |
| | | शल्यतंत्र | एम0एस0 | 05 | |
| | | प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग | एम0एस0 | 05 | |
| | | पंचकर्म | एम0डी0 | 02 | |
| | | | कुल सीट | 25 | |
| कुल सीटों की संख्या | | | | 74 | |

**(2) उ0प्र0 के निजी क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित आयुर्वेदिक कालेजों के एम0डी0(आयु0)/एम0एस0 (आयु0) पाठ्यक्रम की सीटों का सत्र 2025-26 हेतु विवरण**

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | विशिष्टता का नाम | एम0डी0(आयु0)/ एम0एस0(आयु0) | सीटो की सं0 | शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वैद्य यज्ञ दत्त शर्मा आयुर्वेदिक कालेज एण्ड हास्पिटल खुर्जा बुलन्दशहर। | प्रसूति तंत्र एंव स्त्री रोग | एम0एस0 | 04 | शिक्षण शुल्क-रू0 2,91,500/-प्रतिवर्ष हास्टल शुल्क- रू0 1,20,000/-प्रतिवर्ष काशन मनी- रू0 50,000/-(वापसी) |
| | | शल्यतंत्र | एम0एस0 | 07 | |
| | | **कुल सीट** | | **11** | |
| 2 | मेजर एस0डी0 सिहं आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एंव हास्पिटल फर्रुखाबाद | प्रसूति तंत्र एंव स्त्री रोग | एम0एस0 | 06 | शिक्षण शुल्क-रू0 3,12,900/-प्रतिवर्ष काशन मनी- रू0 50,000/-(वापसी) |
| | | शल्यतंत्र | एम0एस0 | 06 | |
| | | **कुल सीट** | | **12** | |
| 3 | श्री सांई आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एव हास्पिटल अलीगढ। | शल्यतंत्र | एम0एस0 | 06 | शिक्षण शुल्क-रू0 3,27,600/-प्रतिवर्ष हास्टल शुल्क- रू0 90,000/-प्रतिवर्ष |
| | | प्रसूति तंत्र एंव स्त्री रोग | एम0एस0 | 06 | |
| | | **कुल सीट** | | **12** | |
| 4 | चन्द्र शेखर सिंह आयुर्वेदिक संस्थान, सैयद सरावा, कौशाम्भी | शल्यतंत्र | एम0एस | 05 | शिक्षण शुल्क- 4,50,000/- प्रतिवर्ष; काशन मनी- रू0 50,000/-(वापसी) |
| | | प्रसूति तंत्र एंव स्त्री रोग | एम0एस0 | 05 | शिक्षण शुल्क- 4,50,000/- प्रतिवर्ष |
| | | रोग निदान एवं विकृति विज्ञान | एम0डी0 | 05 | शिक्षण शुल्क- 3,25,000/- प्रतिवर्ष |
| | | **कुल सीट** | | **15** | |
| 5 | श्री धनवंतरि आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड रिसर्च सेन्टर, मथुरा | आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धान्त | एम0डी0 | 06 | **शिक्षण शुल्क-** 1.क्लीनिकल विषय शिक्षण शुल्क-रू0 2,97,800/-प्रतिवर्ष 2.नान क्लीनिकल विषय-रू0 2,44,400/-प्रतिवर्ष हास्टल शुल्क- रू0 90,000/-प्रतिवर्ष काशन मनी- रू0 50,000/-(वापसी) |
| | | रचना शारीर | एम0डी0 | 05 | |
| | | क्रिया शारीर | एम0डी0 | 06 | |
| | | काय चिकित्सा | एम0डी0 | 05 | |
| | | शल्य तंत्र | एम0एस0 | 06 | |
| | | प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग | एम0एस0 | 06 | |
| | | कौमारभृत्य (बाल रोग) | एम0डी0 | 06 | |
| | | **कुल सीट** | | **40** | |
| 6 | श्री बाबू सिंह जयसिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, फर्रुखाबाद | शल्यतंत्र | एम0एस0 | 06 | शिक्षण शुल्क-रू0 3,25,000/-प्रतिवर्ष हास्टल शुल्क- रू0 2,00,000/-प्रतिवर्ष काशन मनी- रू0 50,000/-(वापसी) |
| | | प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग | एम0एस0 | 06 | |
| | | कौमारभृत्य (बाल रोग) | एम0डी0 | 06 | |
| | | **कुल सीट** | | **18** | |
| 7 | जीवन ज्योती | शल्यतंत्र | एम0एस0 | 06 | शिक्षण शुल्क-रू0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल अलीगढ़ | प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग | एम0एस0 | 06 | 5,00,000 / –प्रतिवर्ष<br>हास्टल शुल्क– रू0 1,00,000 / –प्रतिवर्ष |
| | | | कुल सीट | 12 | |
| 8 | संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल छाता मथुरा | प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग | एम0एस0 | 05 | शिक्षण शुल्क 3,60,000 / – प्रतिवर्ष<br>हास्टल शुल्क– रू0 1,45,000 / –प्रतिवर्ष<br>काशन मनी–50,000 / –(वापसी) |
| | | शल्यतंत्र | एम0एस0 | 05 | |
| | | | कुल सीट | 10 | |
| 9 | शम्मे गौसिया माइनारटी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल, सहेड़ी, गाजीपुर | प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग | एम0एस0 | 04 | रू0 6,00,000 / –प्रतिवर्ष<br>(हास्टल शुल्क– रू0 84,000 / –प्रतिवर्ष काशन मनी–50,000 / –(वापसी)) |
| | | शल्यतंत्र | एम0एस0 | 04 | रू0 6,00,000 / –प्रतिवर्ष |
| | | रोग निदान एवं विकृति विज्ञान | एम0डी0 | 04 | रू0 4,00,000 / –प्रतिवर्ष |
| | | काय चिकित्सा | एम0डी0 | 05 | रू0 5,00,000 / –प्रतिवर्ष |
| | | | कुल सीट | 17 | |
| | कुल सीटों की संख्या | | | 147 | |

## –यूनानी–

### (1)–उ0प्र0 के राजकीय यूनानी कालेजों के एम0डी0 (यूनानी) / एम0एस0 (यूनानी) पाठ्यक्रम की सीटों का सत्र 2025–26 हेतु विवरण

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | विशिष्टता का का नाम | एम0डी0(यूनानी) / एम0एस0(यूनानी) | सीटो की सं0 | शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय तकमील उत्तिब कालेज एवं चिकित्सालय, औरंगाबाद निकट रमाबाई स्थल, लखनऊ | तहफ्फुजी व समाजी तिब | एम0डी0 | 05 | 1.शिक्षण शुल्क– सामान्य श्रेणी हेतु रू0 12000 / – प्रतिवर्ष<br>आरक्षित श्रेणी हेतु रू0 6000 / – प्रतिवर्ष<br><br>2.अन्य शुल्क–रू0 2000 / – प्रतिवर्ष<br><br>3.विकास शुल्क–रू0 4000 / – प्रतिवर्ष<br><br>4.प्रवेश शुल्क–रू0 2000 / – केवल प्रवेश के समय<br><br>5.काशन मनी (रिफन्डेबल)– रू0 4000 / – केवल प्रवेश के समय |
| | | तशरीहुल बदन | एम0एस0 | 03 | |
| | | इल्मुल सैदला | एम0डी0 | 04 | |
| | | इल्मुल अदविया | एम0डी0 | 05 | |
| | | मोआलेजात | एम0डी0 | 02 | |
| | | इल्मुल कबालत व अमराजे निस्वां | एम0एस0 | 02 | |
| | | इल्मुल जराहत | एम0एस0 | 03 | |
| | | | कुल सीट | 24 | |
| 2 | राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, हिम्मतगंज, प्रयागराज | उज्न अनफ व हलक | एम0एस0 | 06 | |
| | | इलाज बिद तदबीर | एम0डी0 | 05 | |
| | | कुल्लियाते उमूर तबैया | एम0डी0 | 04 | |
| | | मुनाफेउल आजा | एम0डी0 | 01 | |
| | | माहियतुल अमराज | एम0डी0 | 03 | |
| | | अमराजे जिल्द व तजीनियत | एम0डी0 | 03 | |
| | | इल्मुल अत्फाल | एम0डी0 | 01 | |
| | | | कुल सीट | 23 | |
| | कुल सीटों की संख्या– | | | 47 | |

## (2)—उ0प्र0 के निजी क्षेत्र के यूनानी कालेजों के एम0डी0 (यूनानी)/एम0एस0 (यूनानी) पाठ्यक्रम की सीटों का सत्र 2025—26 हेतु विवरण

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | विशिष्टता का नाम | एम0डी0(यूनानी) | सीटो की संख्या | शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्लामा इकबाल यूनानी मेडिकल कालेज एण्ड ए0सी0एन0 हास्पिटल, मुजफ्फर नगर | तहफ्फुजी व समाजी तिब | एम0डी0 | 05 | शिक्षण शुल्क<br>तहफ्फुजी व समाजी तिब— 2,50,000/— प्रतिवर्ष<br>कुल्लियाते उमूरे तबैया— 2,50,000/— प्रतिवर्ष<br>हास्टल शुल्क रू0—75000/—प्रतिवर्ष |
| | | कुल्लियाते उमूरे तबैया | एम0डी0 | 05 | |
| | | | **कुल सीट** | 10 | |
| 2 | अलीगढ यूनानी मेडिकल कालेज एण्ड ए0सी0एन0 हास्पिटल, अलीगढ। | कुल्लियाते उमूरे तबैया | एम0डी0 | 04 | **शिक्षण शुल्क**<br>कुल्लियात—रू0 2,50,000/—प्रतिवर्ष<br>मोआलेजात—रू0 3,00,000/—प्रतिवर्ष<br>हास्टल शुल्क रू0—90,000/— प्रतिवर्ष |
| | | मुआलेजात | एम0डी0 | 04 | |
| | | | **कुल सीट** | **08** | |
| | **कुल सीटों की संख्या** | | | 18 | |

## —होम्योपैथी—

## (1)—उ0प्र0 के राजकीयहोम्योपैथिक कालेजों के एम0डी0 (होम्यो0) पाठ्यक्रम की सीटों का सत्र 2025—26 हेतु विवरण

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | विशिष्टता का का नाम | एम0डी0(होम्यो0) | सीटो की सं0 | शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | **राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, लखनऊ** | आरगेनन आफ मेडिसिन | एम0डी0 | 07 | 1.शिक्षण शुल्क— सामान्य श्रेणी हेतु रू0 12000/— प्रतिवर्ष आरक्षित श्रेणी हेतु रू0 6000/— प्रतिवर्ष<br>2.अन्य शुल्क—रू0 2000/— प्रतिवर्ष<br>3.विकास शुल्क—रू0 4000/— प्रतिवर्ष<br>4.प्रवेश शुल्क—रू0 2000/— केवल प्रवेश के समय<br>5.काशन मनी (रिफन्डेबल)— रू0 4000/— केवल प्रवेश के समय |
| | | मटेरिया मेडिका | एम0डी0 | 07 | |
| | | रिपर्टरी | एम0डी0 | 06 | |
| | | | **कुल सीट** | **20** | |
| 02. | **राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, प्रयागराज** | मटेरिया मेडिका | एम0डी0 | 11 | |
| | | | **कुल सीट** | **11** | |
| 03. | **पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेट होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, कानपुर** | मटेरिया मेडिका | एम0डी0 | 07 | |
| | | रिपर्टरी | एम0डी0 | 06 | |
| | | | **कुल सीट** | **13** | |
| | कुल सीटों की संख्या— | | | **44** | |

## (2)—उ0प्र0 के निजी क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित होम्योपैथिक कालेजों के एम0डी0 (होम्यो0) पाठ्यक्रम की सीटों का सत्र 2025—26 हेतु विवरण

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | विशिष्टता का नाम | एम0डी0 (होम्यो0) | सीटो की सं0 | शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कालेज नोएडा गौतम बुद्ध नगर | आरगेनन आफ मेडिसिन | एम0डी0 | 06 | 1. शिक्षण शुल्क 3,00,000 / — प्रति वर्ष प्रत्येक विषय<br>2.काशन मनी (रिफन्डेबल)— रू0 20000 / —<br>3. हास्टल फीस 1,10,000 / — प्रति वर्ष एयर कूल्ड 1,30,000 / — प्रतिवर्ष एयर कंडीशन<br>4. विद्युत शुल्क— अतिरिक्त |
| | | मटेरिया मेडिका | एम0डी0 | 06 | |
| | | रिपर्टरी | एम0डी0 | 06 | |
| | | फार्मेसी | एम0डी0 | 06 | |
| | | प्रैक्टिस आफ मेडिसिन | एम0डी0 | 06 | |
| | | पिडियाट्रिक्स | एम0डी0 | 06 | |
| | | साइकिएट्री | एम0डी0 | 06 | |
| | | | **कुल सीट** | **42** | |
| 2 | नैमीनाथ होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, अस्पताल एवं रिसर्च सेन्टर, आगरा | आरगेनन आफ मेडिसिन | एम0डी0 | 03 | 1. शिक्षण शुल्क 2,50,000 / — प्रति वर्ष प्रत्येक विषय<br>2. हास्टल फीस 1,00,000 / — प्रति वर्ष |
| | | मटेरिया मेडिका | एम0डी0 | 04 | |
| | | रिपर्टरी | एम0डी0 | 03 | |
| | | फार्मेसी | एम0डी0 | 05 | |
| | | प्रैक्टिस आफ मेडिसिन | एम0डी0 | 06 | |
| | | पिडियाट्रिक्स | एम0डी0 | 05 | |
| | | | **कुल सीट** | **26** | |
| | **कुल सीटों की संख्या—** | | | **68** | |

**नोटः—1—राजकीय आयुर्वेदिक / यूनानी / होम्योपैथिक कालेजों की सीटों में ई0डब्लू0एस0 कोटे की सीटें सम्मिलित हैं।**

